हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]






## खबर संक्षेप

### दुकान में रखे समान हटाने की बात पर मारपीट, मामला दर्ज

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम नांदनमारा में दुकान के समान को हटाने की बात को लेकर दो सगे भाई के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद बड़े भाई ने मारपीट की शिकायत थाना में किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे नांदनमारा निवासी 50 वर्षीय गोकुल राम पुरबिया पिता श्याम लाल पुरबिया ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। हम दो भाई है, मैं बड़ा हूं तथा छोटा भाई विष्णु राम पुरबिया है। नांदनमारा में पेट्रोल पंप के सामने हमारी दो दुकान है, जिसमें दोनो भाई एक - एक दुकान का बंटवारा किया जा चुंका है। मेरे बंटवारा के दुकान में छोटा भाई विष्णु राम पुरबिया अपना घरेलू सामान तथा कृषि समान को रखा था। मैने 25 अक्टूबर को शाम करीबन 6 बजे समान को हटाने के लिए बोलने पर झगड़ा कर गाली देने लगा। मैने उसे गाली देने से मना किया, परंतु छोटा भाई और उसकी पत्नी बिशाखा और उसका लड़का दुर्गेश तीनो एक राय होकर मुझे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का थप्पड़ से मारपीट करने लगे। मेरा छोटा भाई अपने हाथ में रखे ईंट से मेरे सिर व पीठ में मारपीट किया है। मारपीट से मेरे सिर, कंधा, पीठ और कमर में चोटे आई है। प्रार्थी की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रमाण पत्रों का वितरण

**कोण्डागांव।** शनिवार को समय सुबह 11:00 बजे कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रलय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव के कार्यालय में पुष्पराज अनंत निदेशक एवं उत्तम मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किये सिलाई के हितग्राहियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव द्वारा विगत 3 वर्षो से प्रतिवर्ष 1800 प्रशिक्षुओ को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, हाथ कढ़ाई, कंप्यूटर ,फ़ूड प्रोसेसिंग, इलेट्रिकल, आदि का निः शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एवं प्रशिक्षण पश्चात रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ा जाता है। संस्था के निदेशक श्री अनंत सर ने सभी हितग्राहियों को सर्टिफिकेट वितरण करते हुए सभी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दिवाली की शुभकामनाए दिए। उक्त कार्यक्रम में सिलाई की प्रशिक्षिका कु. सीमा तिवारी, वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम, खेमराज सेठिया उपस्थित रहे।

### दीपावली पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखें

**फरसगांव।** दीपों का त्यौहार दिपावली पर्व में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने शनिवार को कोंडागाँव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश कर जिले के बड़ेडोंगर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई । बैठक में बड़ेडोंगर थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम ने क्षेत्र के गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि , व्यापारीजन और ग्रामीणों से दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में हरसंभव योगदान देने की अपील की।

### दीपावली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**फरसगांव।** दीपावली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने थाना फरसगांव पुलिस द्वारा थाना परिसर में शनिवार को 12 बजे शांति समिती की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के व्यापारीजन , फटाखा व्यापारी, पत्रकार, गणमान्य एवं प्रतिष्ठित नागरिकजन उपस्थित थे। थाना प्रभारी संजय सिंदे ने सभी लोगो को दीपावली पर्व पर नगर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की गई। सभी को दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से नगर में आपसी सौहार्द एवं प्रेम पूर्वक दीपावली पर्व मनाने एवं नगर में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का वातावरण बनाए रखने में अपनी सहमति दी।

## कर्मचारी हलचल : जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में हजारों शिक्षक जुटे

# प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, क्रमोन्नति व वेतनमान की मांग पर शिक्षकों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में शिक्षकों का आक्रोश शनिवार जोरदार तरीके से सामने आया जब जिलेभर के शिक्षक एलबी संवर्ग के हजारों सदस्य अपने अधिकारों और मांगों को लेकर एकजुट हुए। जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह और शंकर लाल नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। शिक्षकों ने संविलयन के बाद अपनी प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, क्रमोन्नति, वेतनमान, महंगाई भत्ता, और एरियर्स जैसी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटी भीड़ को देखकर प्रशासन ने रैली की अनुमति नहीं दी। जिसके कारण शिक्षक डीएनके ग्राउंड में ही अपनी मांगों के प्रति आवाज बुलंद करते हुए

- मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व अन्य प्रमुख अधिकारियों के नाम सौंपा ज्ञापन



### शिक्षक संघ की मांगे

प्रदर्शन के दौरान जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2018 से पहले की सेवा अवधि को मान्यता न देने के चलते एलबी संवर्ग के शिक्षक क्रमोन्नति, समयमान और पूर्ण पेंशन जैसे लाभों से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा गणना उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से करे, जिससे उनका अधिकार सुरक्षित रहे। साथ ही उन्होंने महंगाई भत्ता और एरियर्स का भुगतान देय तिथि से करने की मांग भी की। शिक्षकों ने मांग की कि सभी एलबी संवर्ग के लिए पुनरीक्षित वेतनमान निर्धारित किया जाए और 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए।

### प्रांतीय पदाधिकारियों का समर्थन

इस प्रदर्शन में प्रांतीय पदाधिकारी शेषनाथ पाण्डेय, नीलम श्रीवास्तव, यादवेन्द्र सिंह यादव, अरुण दीवान, दंतेश्वरी नायडू और अन्य प्रमुख नेताओं ने भी अपने विचार रखे। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा 2008 के आदेश के अनुरूप 33 वर्ष की जगह 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए, साथ ही न्यायालय के निर्णय अनुसार सभी पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ दिया जाए।

### रैली की अनुमति में प्रशासनिक अड़चन

शिक्षक धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहे थे, लेकिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव द्वारा रैली की अनुमति देने से मना कर दिया गया। इस पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों ने डीएनके ग्राउंड में ही रैली निकाली और पुलिस अभिरक्षा में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि तहसीलदार मनोज रावटे को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा व वित्त सचिव, और लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम भेजा गया। ज्ञापन में पूर्व सेवा गणना, वेतन विसंगति, क्रमोन्नति समयमान वेतनमान, और लंबित महंगाई भत्ता व एरियर्स की मांग की गई है। इस प्रदर्शन में प्रमुख पदाधिकारियों में जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह, शंकर लाल नेताम के अलावा प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, संजय राठौर, चन्द्रकांत जैन, ललिता राजपूत, गुलेन्द्र पटेल, और कई अन्य शिक्षकों ने भी भाग लिया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिकाएं शामिल हुईं, जिनमें प्रमुख नामों में अमलेश बारले, अवध किशोर मिश्रा, दिनेश गर्ग, गुरुदीप छाबड़ा, संतु नेताम, प्रेमराज नेताम, और अन्य हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।

# जल व प्राकृतिक संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और प्राकृतिक संसाधनों के ह्रास को देखते हुए जिला प्रशासन और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर चर्चा करना था। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभाग जैसे वन, पंचायत, समस्त जनपद पंचायत, मगनरेगा, कृषि, जल संसाधन, पी.एच.ई, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, एन.आर.एल.एम, स्किल डेवलपमेंट, कृषि विज्ञान केंद्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, समुदायों के लोग और गैर–सरकारी संगठनों ने भाग लिया। कार्यशाला में सभी ने जल संरक्षण, भूमि क्षरण, जैव विविधता और कार्बन उत्सर्जन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की। ट्रांसफॉर्म रुरल इंडिया से आये विशेषज्ञ सीनियर प्रैक्टिश्नर आशुतोष नंदा एवं प्रैक्टिश्नर मुकेश ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन ही जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और जिले के प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का एक उचित उपाय है। आईएनआरएम मतलब है भूमि, जल, वन और जैव विविधता का एकीकृत तरीके से प्रबंधन करना। इस अवसर पर अभिनय रात्रे एवं अजित राणा ड्रिरिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट कोंडागांव भी उपस्थित रहे।

- जल एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विषय पर कार्यशाला



### स्थानीय समुदायों की भागीदारी जरूरी

कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को सफल बनाने के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों को जल संसाधन प्रबंधन में शामिल करना और उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला जिले के लिए एक नए युग की शुरुआत है। अब जिला प्रशासन और स्थानीय समुदाय मिलकर जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए काम करेंगे। इस प्रयास से न केवल जिले का विकास होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा।

# दीपावली 31 अक्टूबर को मनाना ही शास्त्र सम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोण्डागांव जिले में इस वर्ष दीपावली के पर्व को लेकर दो तिथियां होने के कारण असमंजस की स्थिति थी। जिस पर ब्राह्मण समाज ने निर्णय लेते हुए एक स्पष्ट निर्देश जारी किया है। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित एक बैठक 25 अक्टूबर 2024 को मां दंतेश्वरी विहार के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सायं 7 बजे हुई। इस बैठक में कर्मकांडी पंडितों, समाज के वरिष्ठजनों, एवं धार्मिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में चर्चा की गई। हुआ गहन चिंतन बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचांगों के विस्तृत अध्ययन के बाद और सभी प्रमुख धार्मिक विशेषज्ञों की सहमति से दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। निर्णय का आधार यह था कि अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को शाम 3:52 बजे से प्रारंभ होकर 1 नवंबर को शाम 6:16 बजे तक रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दीपावली का पूजन अमावस्या की तिथि और प्रदोषकाल में किया जाना उपयुक्त माना गया है। इसलिए, अमावस्या और प्रदोषकाल दोनों का संगम 31 अक्टूबर 2024 को हो रहा है। इसी कारण इस दिन दीपावली मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन एवं दीपावली पूजन सम्पन्न किया जा सकता है। हालांकि 1 नवंबर को सुबह तक भी पूजन किया जा सकता है, लेकिन मुख्य दीपोत्सव और लक्ष्मी पूजन 31 अक्टूबर को ही करना उचित रहेगा।

### 31 को ही मनाए दीपावली

कोण्डागांव जिले के नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को ही मनाएं और लक्ष्मी पूजन उसी दिन प्रदोषकाल में संपन्न करें।

### मौजूद रहे ये

इस बैठक में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, सलाहकार गोपाल तिवारी, पं. उमाशंकर तिवारी, पं. रघुदयाल दुबे, पं. रविशंकर मिश्रा, पं. शैलेन्द्र तिवारी, पं. रितेशराम शर्मा, पं. विरेन्द्र शर्मा, पं. अजय तिवारी, पं. प्रवीण शर्मा और पं. मोतीलाल द्विवेदी उपस्थित रहे।

# क्रिकेट स्पर्धा में बीआईओसी ने फाइटर क्लब को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्व. रतन टाटा की स्मृति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को दो मैच खेले गए। जिसमे पहले मैच में मेजबान बीआईओसी एकतरफा मुकाबला में फाइटर क्लब को शिकस्त दी। जबकि दूसरे मैच में कांकेर सेंट्रल ने वीसी बस्तर को हराकर अगले मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। आज का पहला मुकाबला बीआईओसीऔर फाइटर क्लब के मध्य खेला गया। फाइटर क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया वहीं बीआईओसी के लिए अब्दुल अनस खान और संयम जैन सलामी बल्लेबाजी के रूप में उतरे दोनों के बीच केवल 10 रनों की साझेदारी ही हो सकी टीम का पहला विकेट अनस खान 4रन बनाकर खगेश बघेल का शिकार हुए संयम जैन ने 50 गेंद में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 82 रनों की पारी खेली जिसमें 8 चौके और चार शानदार छक्के शामिल हैं निचले क्रम के बाएं हाथ के बल्लेबाज सतीश सिंह ने 16 गेंद में 38 रनों का योगदान दिया वहीं इस टूर्नामेंट के पहले रणजी प्लेयर सौरव मजूमदार ने 22 गेंद में 50 रन 4 चौके और चार चक्के की मदद से बनाकर टोनी बारला की गेंद पर बोल्ड आउट हुए निचले क्रम में आदित्य सिंह ने भी 13 गेंद में 32 रनों का योगदान दिया बायक की टीम ने 20 ओवर में 222 रनों का पहाड़ खड़ा किया।

### 60 में ऑल आउट

223 रनों का पीछा करने उतरे फाइटर क्लब की पूरी टीम 11 ओवरों में 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम के एकमात्र बल्लेबाज जिन्होंने दहाई का आंकड़ा पार किया डूमेंद्र ठाकुर ने जिन्होंने 15 गेंद में 24 रन की पारी खेली।

# सलाना पंचायत में करोड़ों का घोटाला सरपंच और सचिव पर गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत सलाना में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। आरोप है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत लगभग 2 करोड़ रुपये के विकास कायोंर् में बड़े पैमाने पर गबन किया गया है। सूत्रें के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों में कई तरह की गड़बड़ियां की गई हैं। इन कार्यों को या तो अधूरा छोड़ा गया है या फिर किए गए कार्य की गुणवत्ता बहुत खराब है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव ने मिलकर इस राशि का निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग किया है।



### मामले की जांच के दिए आदेश

ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत प्रशासन से की है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रें में हो रहे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। ऐसे मामलों से ग्रामीण विकास की गति धीमी होती है और जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। यह मामला एक बार फिर से यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रें में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

## राजपूत महासभा की सामान्य सभा आज

कांकेर। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा उप समिति कांकेर के सामान्य सभा की बैठक आज 27 अक्टूबर रविवार को 1 बजे से अध्यक्ष उप समिति ठाकुर रूपेश्वर सिंह के अध्यक्षता में महाराणा प्रताप भवन बरदेभाठा में आहूत की गई है। उक्त बैठक में अधिक से अधिक राजपूत समाज की उपस्थिति की अपील किया। उक्ताशय जानकारी उप समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं मिडिया प्रभारी डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर ने दिया।

**आईटीआई प्रशिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित : कोण्डागांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोंडागांव में वेल्डर एवं स्टेनो हिंदी व्यवसाय में प्रशिक्षण सत्र 2024–25 के लिए प्रशिक्षक की भर्ती के लिए संस्थान प्रबंधन समिति द्वारा 09 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र 09 नवंबर को सायं 05 बजे तक कार्यालय अधीक्षक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्डागांव, नारायणपुर रोड, जोंदरापदर, पोस्टर– बुनागांव, तहसील एवं जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ पिन–494226 पते पर पंजीकृत एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं या स्वयं संस्था में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षक पद पर भर्ती के लिए नियम, शतेंर्, योग्यता, आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संस्था के सूचना पटल पर उपलब्ध है।







## पेज 13 के शेष

### 30 नवंबर तक...

है कि कांकेर जिला को दिसंबर में नया संगठन मिल जाएगा। संगठन ने सही व्यक्ति को चयन करने के बजाए थोपने का काम किया तो यह तय है कि उसका असर नगरीय व पंचायत चुनाव में देखने को मिल सकता है।

### धान खरीदी से...

सत्यापन करना है। गांव का नाम सहित दो कोण से फोटो खींचकर अपलोड करनी है। पटवारी को भौतिक सत्यापन के लिए चयनित गांव में जाकर एप के जरिए खसरा नंबर की फसल का अलग अलग कोण से अपनी फोटो के साथ दो फोटो खींचनी है। इन फोटो को गांव के नाम के साथ एप में अपलोड करना है। भौतिक सत्यापन कराने में विभाग द्वारा खासा सावधानी बरती जा रही है। इसके लिए पटवारियों को उनके गांव क्षेत्र की जगह दूसरे गांव क्षेत्र के खसरा फसलों का सत्यापन कराया जा रहा है, ताकि गिरदावरी के दौरान अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बरती गई है, तो भौतिक सत्यापन में इसका पता चल सके।

### स्वास्थ्य शिविर का...

कुमार डड़सेना,सीएचओ नेहा भास्कर, आरएचओ फुलचंद तुमरेटी, एएनएम श्यामा मंडावी की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्वंय सेवको की जाँच किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर द्वारा किया गया।

### जमीन खरीदी-बिक्री...

तक रकम लेने के बाद जमीन का रजिस्ट्री भी नही करवाया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चारामा थाना में शिकायत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला और एएसपी आईपीएस संदीप पटेल के मार्गदर्शन में आरोपी यशवंत नरेटी की तलाश चारामा पुलिस कर रही थी। आरोपी लगातार पुलिस को चकमा देकर भाग रहा था। पुलिस ने आरोपी को 26 अक्टूबर को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर घटना समय को अपराध घटित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया और आरोपी को जेल दाखिल किया गया। आरोपी पता तलाश व गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक प्रेम शंकर ठाकुर, प्रधान आरक्षक अजेन नरेटी, आरक्षक जितेन्द्र नाग, मंगलेश्वर वटटी, डोमेन्द्र बघेल, बलराम सिन्हा का योगदान रहा।

### छग पिछड़ा वर्ग...

संभावना बन रही है। आरक्षण के उपरांत चुनाव के कार्य में तेजी आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस साल के अंत से लेकर जनवरी और फरवरी के बीच यह चुनाव हो सकते हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

NEW HOLLAND

अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा

SWASTIK AGRO




भव्य ॥ शुभारंभ ॥

स्वास्तिक एग्रो

पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद

हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532

सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता

HP हाइड्रोलिक लिफ्टिंग क्षमता - 1500 Kg

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph


## खबर संक्षेप




### वाहन चेकिंग में 15 हजार के समन शुल्क की वसूला

**दुर्गुकोंदल।** ट्रैफिक पुलिस कांकेर ने विकासखण्ड दुर्गुकोंदल पहुंचकर वाहनों की जांच किया गया। वाहनों की चेकिंग के दौरान बिना दस्तावेज के वाहन चला रहे मालिकों के बीच हड़कंप मच गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा आरसी, बीमा, फिटनेस, लाईसेंस, हेलमेट के बिना चला रहे 54 वाहनों पर चालानी कार्रवाई किया और 14800 रूपएं समन शुल्क वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस की चालानी कार्रवाई से बचने के लिए वाहन मालिकों ने नेता व बड़े अधिकारियों से फोन कर बचने कोशिश करते रहे।

### घायल का इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 70 निवासी 41 वर्षीय दिलीप सरदार का ईलाज के दौरान रायपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गया। मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने के कारण ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शा. उमावि आमाकड़ा में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मोखा में बीएमओ डॉ.चन्दन बैरागी द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां ग्रामवासियों को दिया। सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर शेष पेज 12 पर

# 30 नवंबर तक बूथ कमेटियों का चुनाव, दिसंबर में मिलेगा नया अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पाँच साल बाद प्रदेश भाजपा के संगठन के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। भाजपा संगठन चुनाव के तहत बूथ कमेटियों के गठन के बाद मंडल, जिला और प्रदेश संगठन का चुनाव होगा। प्रदेश चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिले के चुनाव के लिए लक्ष्मी वर्मा को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

तीन साल के लिए पाँच साल पहले जिले का संगठन चलाने के लिए चुनाव हुआ था, परंतु तीन साल के कार्यकाल को बढ़ाकर पाँच साल कर दिया गया था, जिसके चलते अंतिम दो साल का कार्यकाल बहुत ही अजीब सा रहा। किसी को कोई उत्साह देखने को दो सालों में नहीं मिला। विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जो कांकेर की दशा थी, उसे राष्ट्रीय नेताओं ने बहुत ही नजदीकी से देखा था और कई प्रकार के कमेंटस भी किए गए थे। जिले की टीम के प्रमुख संगठन के पदाधिकारी भानुप्रतापपुर विधानसभा से थे, परंतु भानुप्रतापपुर विधानसभा का उपचुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हार का मुँह देखना पड़ा।

भानुप्रतापपुर विधानसभा से संगठन में सबसे ज्यादा जिम्मेदार पदाधिकारी है, उसके बाद भी उस विधानसभा में संगठन का हाल जिम्मेदार ही बहुत अच्छे से जानते है। संगठन चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद अब तय शेष पेज 12 पर

## भाजपा ने संगठन चुनाव का किया ऐलान, चुनाव अधिकारी घोषित





सियासत : सदस्य बनाने की प्रकिया पूरी होने के बाद होंगे संगठन चुनाव

कांकेर जिला भाजपा संगठन के 5 साल पूरे, पर नई टीम का नहीं हो पाया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सभी ने साधा मौन

डेढ़ लाख बनाना है सदस्य

### जिला अधिकारी नियुक्त

प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने प्रदेश में संगठन चुनाव के लिए जिला संगठन चुनाव और सह अधिकारियों की नियुक्ति कर दिया है। सबसे पहले 20 से 30 नवंबर तक बूथ कमेटियों का चुनाव होगा। बूथ कमेटियों के चुनाव के बाद दिसंबर में मंडल और जिलों का चुनाव होगा। कांकेर जिला का चुनाव करवाने के लिए जिला चुनाव अधिकारी लक्ष्मी वर्मा, सह चुनाव अधिकारी पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले व पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## तैयारी : पटवारी फसल के साथ लाइव फोटो खींचकर पीवी एप में कर रहे अपलोड

# धान खरीदी से पहले भौतिक सत्यापन शुरू, 31 अक्टूबर तक दिया गया समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है, इसके पूर्व किसानों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है। पटवारियों के अलावा संकुल समन्वय व अन्य विभाग के स्टाप को लगाया गया है। पटवारी द्वारा गिरदावरी के अनुसार जिस खसरा नंबर भूमि पर धान बोया गया है, वहां जाकर फसल के साथ वे अपनी लाइव फोटो खींचकर उसे विभाग के पीवी एप में अपलोड कर रहे हैं।

- कृषि विभाग के अमले के अलावा संकुल समन्वयक व पंचायत सचिव की भी तैनाती
- 8 लाख खसरों में धान की बोआई, 5 प्रतिशत यानी लगभग 40 हजार खसरों की फसलों का भौतिक सत्यापन



विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फसलों का भौतिक सत्यापन करने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला जहां गिरदावरी के दौरान किए गए कार्य का सत्यापन होगा, वहीं दूसरा धान उपार्जन के दौरान धान री-साइकलिंग को नियंत्रण किया जा सकेगा। गिरदावरी के अनुसार कांकेर जिले में खरीफ वर्ष 2024-25 में लगभग 8 लाख खसरों की जमीनों पर धान की बोवाई की गई है, जिनका 5 प्रतिशत यानी लगभग 40 हजार खसरों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जाना था, परंतु अब केवल ढाई प्रतिशत 20037 खसरों का भौतिक सत्यापन होगा। विभाग ने पीवी एप बनाया है। इस एप के जरिए पटवारी को चयनित गांव में जाकर फसल का भौतिक शेष पेज 12 पर

### 31 तारीख तक करना है सत्यापन

जिला खाद्य अधिकारी जेज नायक ने बताया कि जिले में 20037 खसरों की जाँच करना है, यह जिले के कुल खसरा का केवल ढाई प्रतिशत है। पटवारियों के द्वारा अभी तक केवल 988 खसरों की जाँच हो हो पाई है। जाँच के लिए 622 लोगों को लगाया गया है। सत्यापन का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा किया जाना है।

### तीन स्तरों पर होगी जांच

जानकारी के अनुसार इससे पहले पटवारी प्रत्येक किसान के खेत में जाकर ऑनलाइन एप से भुइयां सॉफ्टवेयर से गिरदावरी कार्य किया है, अब उसकी जांच के लिए इन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह जांच तीन स्तर पर होगी। पहले अधिकारी कर्मचारी शत प्रतिशत रेंडमली खेतों में जाकर सत्यापन करेंगे, इसके बाद उपखंड एवं जिले के चिन्हित अधिकारियों द्वारा पांच प्रतिशत खेतों की रेंडम जांच किया जाएगा। तत्पश्चात राज्य स्तर के अधिकारी दो प्रतिशत प्रविष्टियों की जांच करेंगे।

### कई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तैनात

जिले में धान की फसल का इन दिनों सत्यापन कराया जा रहा है। इस कार्य में कृषि विभाग के साथ अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को लगाया गया है। शिक्षा विभाग इससे अछूता नहीं बचा है। संकुल समन्वयकों की ड्यूटी भुइया सॉफ्टवेयर में किए गए फसल धान की प्रविष्टियों में पांच प्रतिशत प्रविष्टि की रेंडम सत्यापन करने के लिए लगाई है। जिले में इस कार्य को करने के लिए 622 अमले को तैनात किया गया है। संकुल समन्वयक इन दिनों मूल कार्य को छोड़कर खेतों में घूम रहे हैं और धान की बालियां गिन रहे हैं। शिक्षकों के अलावा सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक, नायब तहसीलदार, ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, खाद्य निरीक्षक और सहकारिता निरीक्षक की ड्यूटी भी लगी हुई है।

## गुप्त धन के नाम पर 7 लाख ऐंठे, एक साल बाद गिरोह फूटा दो महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




विकासखंड कोयलीबेड़ा के मरोड़ा सरपंच को महाराष्ट्र से पहुँचे 7 आरोपियों ने तंत्र मंत्र व जादू टोना कर गुप्त धन निकालने का झांसा देकर 7 लाख रूपए की ठगी एक साल पहले किया था। पुलिस एक साल से आरोपियों की तलाश में जुटी थी और अभी तक केवल 2 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है, वहीं 5 आरोपी अभी भी फरार है।

मामला यह है कि ग्राम पंचायत मरोड़ा के सरपंच लक्ष्मण मंडावी के घर एक वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के कुछ लोग पहुँचे। उन्होने सरपंच को बताया कि उनके घर में सोना आदि गुप्त धन गड़ा हुआ है जिसे वे लोग तंत्र मंत्र व दिव्य शक्ति के माध्यम से निकाल सकते है, यदि गड़ा हुआ पुराना धन नहीं निकालोगे तो आपके घर में आकस्मिक मृत्यु होगी। आरोपियों ने धन निकालने के नाम पर सरपंच से 7 लाख की आरोपियों ने ठगी किया था। गड़ा धन निकालने के लिए तंत्र मंत्र जादू टोना करने के नाम पर 7 आरोपियों महाराष्ट्र के जिला यवतमाल निवासी परवीन सेंगर, अरविंद सेंगर , बंडू शिंदे, युवराज शिंदे, हीरालाल जगताब, रामकृष्ण झाड़ेकर, साहेबराव सेंगर सरपंच के घर पहुँचकर तंत्र मंत्र का ढोंग रचकर सरपंच से 7 लाख रुपए की ठगी किया था। सरपंच की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एक साल पहले धारा 448,420,147 भादवि पंजीबद्ध कर जाँच किया जा रहा था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी औ सूचना मिलने पर दो आरोपियों बंडू शिंदे और हीरालाल जगताब को जीवली चंद्रपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं अन्य 5 आरोपियों की तलाश जारी है।

दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बांदे जितेंद्र साहू, उपनिरीक्षक गिरीश चंद्र कुर्रे, देवनारायण बंजारे, आरक्षक भोलाराम ठाकुर,यशवंत मंडावी, जुरू सलाम तथा महिला आरक्षक जागेश्वरी सलाम की भूमिका रही।

## पेशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक



**भानुप्रतापपुर।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ के सदस्यता अभियान के तहत संघ के पदाधिकारी पखांजुर पहुँचे और बैठक में जिलाध्यक्ष दिलदार सिंह ठाकुर ने संघ की शक्ति संघ के महत्व को बताते हुए एकता के सूत्र में बंधे रहने का आव्हान किया।

कुछ सदस्यों ने सेवानिवृत होने के उपरांत विभाग द्वारा जीपीएफ की राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत किए, जिसे शासकीय नियमानुसार अधिकारियों से संपर्क कर भुगतान करने की पहल का आश्वासन दिया गया। संघ के पदाधिकारी का 3 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन एवं नए सदस्य बनाने सुझाव दिया गया।

इस अवसर पर भानुप्रतापपुर तहसील अध्यक्ष श्रीरामजी, गजानन सिंह ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर,चंद्र प्रकाश शिवहरे, टीके शाह, सुभाष मंडल,रविंद्र सरकार, मृणाल सुकुमार विश्वास एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## जामगांव साप्ताहिक बाजार में भाजपा सदस्यता अभियान



**सरोना।** भाजपा के सदस्यता अभियान संकल्प को लेकर विधायक आशाराम नेताम भाजपा मंडल नरहरपुर के अंतर्गत जामगांव सप्ताहिक बाजार में पहुंचकर सदस्यता अभियान चलाया। विधायक ने कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने के लिए आप सभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करेंगे। देश आज एक नई ऊँचाइयों को छू रहा है तथा छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में सुशासन के लिए काम कर रही है और हम सभी को भाजपा से जुड़कर भाजपा संगठन को मजबूत बनाना है।

## जमीन खरीदी-बिक्री का दिया झांसा, आरोपी को चारामा पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** जमीन खरीदी के मामले में धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस 6 माह से खोज रही थी। अंततः 6 माह बाद धोखाधड़ी करने वाले को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

- आरोपी छह माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

मामला यह है कि यशवंत नरेटी व प्रार्थीया के मध्य जमीन व खरीदी बिक्री में जिसके तहत विक्रय के लिये अनुबंधित भूमि की कीमत 3 लाख 20 हजार रूपएं प्रति डिसमिल पर 6 डिसमिल क्रय करने दोनो पक्षों के मध्य इकरारनामा तैयार किया गया था और एडवांस में 1 लाख रूपएं नगद इकरारकर्ता यशवंत नरेटी को दिया गया, इसके उपरांत दो बार में 6-6 लाख रूपएं आरोपी के खाते में छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक चारामा के माध्यम से भुगतान किया गया। कुछ दिनों बाद वास्तविक भूमि स्वामी के द्वारा पता चला कि उक्त भूमि का तय शुदा बिक्री की रकम 12 ला ख रूपएं भूमि स्वामी को नही मिला है। पैसों के संबंध में पूछने व मांगने पर आरोपी द्वारा पैसा वापिस नही किया गया और न ही किसी प्रकार का संतोषप्रद जवाब दिया गया। आरोपी टालमटोल करने लगा और अंत शेष पेज 12 पर




# छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर लग सकती है मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगरी निकाय व पंचायत चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग से सर्वे करवाया गया और अध्यक्ष के द्वारा रिपोर्ट सरकार को सौंपी जा चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे आयोजित कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर मुहर लग सकती है।

- कैबिनेट की बैठक 28 को नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव पर अहम निर्णय की संभावना




जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने एक दिन पहले ही सरकार को रिपोर्ट सौंपा है। इस रिपोर्ट में राज्य के नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण करने संबंधी अनुशंसा किया गया है। राज्य सरकार को इस रिपोर्ट को मंजूरी देनी है। जानकारों की मानें तो 28 अक्टूबर को आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर मुहर लग सकती है। कैबिनेट में इस बात पर भी विचार किया जा सकता है और निर्णय लिया जा सकता है कि नगरीय व पंचायत दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं। इसके अलावा नगरीय निकाय चुनाव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष होगा, इसका भी निर्णय लिया जा सकता है।

कैबिनेट में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिर्पोट पर मुहर लगने के बाद राज्य के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के लिए आरक्षण तय होगा। सरकार की मंजूरी के बाद इन चुनावों में आरक्षण की व्यवस्था होनी है। नवंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में आरक्षण की प्रकिया प्रारंभ होने की शेष पेज 12 पर


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी

संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय

मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल

मो. 9407909500

## खबर संक्षेप




### आत्मानंद के छात्रों ने बस्तर ओलंपिक के लिए निकाली रैली

**चारामा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के लिए रैली और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चारामा में स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के अवसर पर 26 अक्टूबर को छात्रों द्वारा पैदल रैली और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस आयोजन के दौरान विद्यालय के प्राचार्य सीएस यादव, डीएल तिवारी, ललिता बोरकर, हेड मास्टर शैलेश नाग, महावीर, पीटीआई धीरज सोनी, पूजा, दीवान और सभी शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्यक्रम में छात्रों का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल छात्रों में खेल भावना को बढ़ावा देने का अवसर था, बल्कि उनकी रचनात्मकता और सामूहिकता को भी प्रोत्साहित किया गया।

### 31 को राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता

**सरोना।** सरोना के ग्राम पंचायत चोरिया बड़ेपारा में युवा मंडल के व्दारा हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी दिवाली के पावन पर्व पर 31 अक्टूबर को रात्रि कालीन 8 बजे से राज्य स्तरीय डीजे डास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 6202, व्दितीय 4222 एवं तृतीय 3102 रूपए, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4202, व्दितीय 3002 एवं तृतीय 2001 रूपए, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3102, व्दितीय 2002 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1502 रूपए समिति कि ओर से दिया जाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर की पालक संगोष्ठी में स्वर्ण प्राशन पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में शुक्रवार को अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ व्यवस्थापक एवं विभाग प्रभारी सोमदेव नायक द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर द्वीप वंदना के साथ किया गया। आयोजित संगोष्ठी का आयोजन अरुणोदय से पंचम तक अध्ययनरत भैया बहिनों के पालकों का किया गया, जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से शिक्षण क्षेत्र, नैतिक शिक्षण, शारीरिक शिक्षण, संस्कृत शिक्षण जैसे विभिन्न विषयों पर विशेष परिचर्चा करना था। अभिभावकों की रुचि और विद्यालय विकास के लिए तत्पर देखने को मिला,

## स्वर्ण प्राशन के लाभ की दी जानकारी



### होगा सर्वांगिण विकास

समस्त पालकों ने स्वर्ण प्रासन्न पिलाने के लिए सहमति दिए। विशेष चर्चा में खेल खेल में विषयांतर्गत शिक्षा का जिक्र किया गया और छोटे भैया बहिनों के संपूर्ण विकास के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही गई। व्यवस्थापक ने अभिभावकों से अन्य विषयों पर भी चर्चा किए, जिसमें भैया बहिनों से और विद्यालय से संबंधित किसी भी प्रकार की बातों को रखने का अवसर दिए। संस्था प्रमुख ने समय का तत्परता से पालन करते हुए भैया बहिनों का सर्वांगीण विकास में भागीदारी बनने पर जोर लगाने को प्रोत्साहित किए। इस आयोजन में लुकेश्वरी बघेल, प्राचार्य थानूराम सिन्हा, विद्यालय के आचार्य एवं दीदियां व समस्त अभिभावकगण उपस्थित रहे।

जिस प्रकार से विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारवान विद्या का केंद्र है, उसी प्रकार आए हुए अभिभावक बंधु भगिनी ने खुशी जाहिर किया कि ऐसी शिक्षण वाले संस्था में अन्य पालकों को भी दाखिला कराना चाहिए।

विद्यालय समिति के व्यवस्थापक के मार्गदर्शन में संस्था प्रभारी थानुराम सिन्हा के नेतृत्व पर संगोष्ठी की शुरुआत समस्त अभिभावक बंधुभगिनी को तिलक वंदन के साथ स्वागत किया गया। मनोज कुमार यादव ने विद्यालय के संपूर्ण गतिविधि से पालकों से वार्तालाप करते हुए रूबरू हुए। उन्होंने स्वर्ण प्रासन्न योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिए, जिससे कम उम्र के भैया बहिनों के लिए अधिक उपयोगी और लाभकारी होता है।

## जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर आत्मानंद महाविद्यालय में हुई व्याख्यान माला

# बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती की गौरवगाथा जनजाति नहीं देश के सभी समाज की धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जनजाति आदिवासी संस्कृति की वेशभूषा से सुसज्जित छात्र-छात्राओं ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

मुख्य अतिथि अजय मंडावी ने स्वंय के कार्यक्षेत्र के माध्यम से आदिवासी समाज की वास्तविकता को उनकी संस्कृति के महत्व को सामने रखा। आदिवासी अक्षयपत्र लेकर पैदा हुआ है, इस वाक्य के माध्यम से आदिवासी समाज की विशिष्टता को व्यक्त कर दिया। ओलंपिक खेलों में आदिवासी समाज ने परचम लहराया, वहीं जयदेव बघेल ने विश्व में आदिवासी समाज को सम्मानित व गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने आदिवासी समाज के बारे में बताते हुए भगवान बिरसा मुंडा की गाथा बताई। उलगुलान आंदोलन के माध्यम से बिरसा मुंडा ने अपने कार्य क्षेत्र को परिणिति दी। किस प्रकार कुटि बंद व्यवस्था स्थाई बंदोबस्त में बदल गई, उसके परिणाम को समझाया। धर्म परिवर्तन के विरोध में बहुत सटीकता से अपनी भूमिका निभाई। समाज के प्रति अपके कार्यों के कारण वह भगवान का दर्जा प्राप्त जल, जंगल व जमीन के प्रति उनके अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ी। कानूनी लाभ आदिवासी समाज को बिरसा मुंडा के कार्यों के कारण ही मिला। रानी दुर्गावती की शौर्य गाथा से कार्यशाला को परिचित करते हुए गोंडवाना समाज की गौरव गाथा बताई। रानी दुर्गावती के बलिदान शौर्य साहस की गाथा में सभागार को ओजस्विता से भर दिया।

मुख्य वक्ता विजय बेसरा ने जनजाति संस्कृति का मिशाल देते हुए रानी दुर्गावती के शौर्य व पराक्रम का उल्लेख करते हुए तिलका मंझी के बलिदान की गाथा को बताया। बुद्धभगत उनके पुत्र व पुत्रियों की बलिदान गाथा भीमानायक कमलायति वीरांगना भील व भीमानायक के माध्यम से भीलो की गाथा को बताया। शहीद वीर नारायण सिंह गुण्डाधूर कांगो कंगार रधुनाथ सहाय, शंकर सहाय के बलिदान की गाथा से आदिवासी समाज गौरवान्वित है यह बताया। कन्हैया उसेण्डी ने इस विषय पर आवश्यकता का वर्तमान समय में महत्व बताते हुए आदिवासियों की सामाजिकता को बताया। आदिवासी समाज का लोकतंत्र टोन्डा-जन्म, मण्डा-शादी, कुण्डा-मृत्यु यह तीनों के माध्यम से समझाया। धर्म के माध्यम से विज्ञान को सामाजिकता को आदिवासी समाज को समझाया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री विजय कुमार साहू ने किया एवं आभार प्रधान डॉ. अशोक कुमार भारती ने किया।

# ओपन टेनिस बाल क्रिकेट का विधायक ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हल्बा में ओपन पाँच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक सावित्री मनोज मण्डावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। विधायक ने महिला कलस्टर भवन का भूमिपूजन भी किया, जिससे महिलाओं को एक समर्पित स्थान मिलेगा जहाँ वे विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगी।

पाँच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और नई खेल प्रतिभाओं को पहचानना है। अन्तर्राज्यीय स्तर पर होने के कारण, इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से टीमों ने भाग लिया, जिससे प्रतिभागियों को एक बड़ी मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। महिला कलस्टर भवन का भूमिपूजन ग्रामीण महिलाओं को एक ऐसा सुरक्षित स्थान प्रदान करेगा जहाँ वे स्वयं-सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगी। यह भवन महिला सशक्तिकरण के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया जा सकेगा। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के कई प्रतिष्ठित सदस्य शामिल हुए एवं सरपंच संजय उइके, जनपद पंचायत चारामा के सदस्य अरुण मरकाम, जिला पंचायत धमतरी के सदस्य खूबलाल ध्रुव, पूर्व गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच सुशीला तारम, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक, भानपुरी के सरपंच आनंद मरकाम, उपसरपंच लालजी यादव, क्लस्टर अध्यक्ष जमुना शोरी, सचिव पूर्णिमा चौहान, पीआरपी ओमलता पटेल, कोषाध्यक्ष पार्वती नागराज, कृषि मित्र उर्मिला साहू, और अन्य गणमान्य व्यक्ति जैसे अनिता शुक्ला और हेमिन साहू उपस्थित रहे।

# एसबीआई पर करेंसी नोट देने में भेदभाव करने का आरोप

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा भानुप्रतापपुर में नई करेंसी नोट नहीं

- व्यापारियों ने की शिकायत, ब्रांच मैनेजर ने कहा-करेंसी हो गई खत्म




मिलने से कई व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। शुक्रवार को कई व्यापारियों को नई करेंसी नोट नहीं मिलने से दो-चार होना पड़ा वहीं इसकी शिकायत ब्रांच मैनेजर से करने पर उनके व्यवहार को लेकर भी उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से किया है। व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि मैनेजर के द्वारा कई व्यापारियों को लाखों रुपए दिया गया और जब हम 40 से 45 वर्ष पुराने खातेदार हैं उन्हें यह नई करेंसी नोट नहीं दिया जा रहा है। शिकायत करने पर उल्टा कहा जाता है, जहां शिकायत करना है कर लो, हमारे पास नए नोट नहीं है। खत्म हो गया है, कहां जाता है, जिससे नाराज व्यापारियों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से किया है। उपभोक्ता दिनेश सिंह व हरीश संचेती ने बताया कि हमारे जानकारी के अनुसार नई करेंसी नोट ब्रांच में आई है। दिवाली शुभ अवसर पर लेने के लिए आए थे, पर ब्रांच मैनेजर की व्यवहार से हम दुखी हैं और हमें जानकारी मिली है कि कई व्यापारियों को लाखों रुपए नई करेंसी दी गई है, पर हमें नहीं दिया जा रहा है, ना ही हमारे साथ सही व्यवहार किया जा रहा है। इसको लेकर शिकायत की गई है, और इसके पहले भी कई मामलों में उनका शिकायत आते रहता है।



# पैराडाइज के छात्र दिवाली पर आयोजित स्पर्धा में हुए शरीक

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में दीपावली के पूर्व विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं कला का प्रदर्शन करते हुए दीपावली ड्राईग, दीप सजावट, ग्रिटिंग कार्ड मेंकिग आदि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर असीम आनंद प्राप्त किया।

प्री प्राइमरी कक्षा नर्सरी एलकेजी, यूकेजी के लिए दीप ड्राईग, चित्रकला का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक दीप का ड्राईग कर दीपावली के पूर्व त्यौहार के आगमन का स्वागत किया। प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों के लिए दीप डेकोरेशन कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें छात्र-छात्राओं ने छोटे व बड़े आकर्षक दीपों को डेकोरेट किया। मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक एवं कलरफूल दीपावली रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्षन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने बस्तर ओलंपिक की थीम पर भी आकर्षक रंगोली बनाई। पैराडाइज स्कूल के म्यूजिक ग्रुप के छात्र-छात्राओं द्वारा दीपावली सान्ग एवं राम आएगे तो अंगना सजाऊँगी दिप जलाके दिवाली मैं मनाऊँगी गीत पर सुमधुर गायन प्रस्तुत किया।

हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी छात्र-छात्राओं के लिए कबड्डी एवं बालीवाल खेल का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने इन खेलों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# पुलिया निर्माण के लिए रखीं छड़ों की चोरी, अज्ञात आरोपियों की तलाश

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी अंतर्गत पुलिया निर्माण के लिए ग्राम शामतरा के खुले मैदान में

- ग्राम शामतरा में हुई चोरी की वारदात, पुलिस जांच में जुटी




रखे लोहे की छड़ को चोरी करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नरहरपुर थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे मध्यप्रदेश के लौर थानांतर्गत ग्राम खीरी निवासी राम उजागर विश्वकर्मा पिता बैजनाथ विश्वकर्मा हाल निवासी ग्राम डब्बीपानी ने पुलिस को बताया कि भारत माला रोड परियोजना के दिलीप बिल्डर्कान लिमिटेड भोपाल कंपनी में लाइजनिंग एग्जकेटिव के पद पर कार्यरत हूँ। कम्पनी द्वारा ग्राम शामतरा में पुलिया निर्माण कार्य के लिए कान्टेक्टर कपिल पिपरे के सुपरवायजर प्रमोद दुबे को लोहे के छड़ दिया गया था, जिसे पुलिया निर्माण स्थल ग्राम शामतरा में खुले स्थान में रखा गया था। सुपरवायजर प्रमोद दुबे ने 25 अक्टूबर को बताया कि कंपनी के द्वारा दिए गए लोहे के छड़ लगभग 1 क्विंटल कीमत 6 हजार 500 रूपएं को पुलिया निर्माण स्थल ग्राम शामतरा में जो रखा गया था, वह मौके से गायब है, इस छड़ को अज्ञात चोर 24 अक्टूबर की मध्य रात में चोरी करके ले गया है। पुलिया निर्माण में लगे सुपरवायजर का पुलिया निर्माण में लगे कुछ मजदूरों पर संदेह है। सुपरवायजर ने संदेहास्पद मजदूरों के नाम भी बताए है। सुरपवायजर ने बताया कि चोरी की जानकारी मिलने के उपरांत कई लोगों से पूछताछ किया है, परंतु काम करने वालों के द्वारा सही ढंग से कोई जानकारी नहीं दिया जा रहा है। लोहे की छड़ को ले जाने के लिए वाहन का उपयोग किया होगा, बिना वाहन के छड़ को ले जा पाना संभव नहीं है, इसलिए इस काम में लिप्त मजदूरों का हाथ हो सकता है।

नरहरपुर पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# संगीतमय भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु हुए कृतार्थ

**भानुप्रतापपुर।** नौ दिवसीय भक्तिमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन प्रतिदिन किया गया। जिसमें श्रोताओं ने भगवान के दशावतार, परीक्षित जन्म व मोक्ष, श्रीकृष्णजन्मोत्सव , बाल लीला, दही लूट, रुक्मणी विवाह, द्वारकाधीश लीला, सुदामा चरित्र का भक्तिमय आनंद उत्सव मनाया। भानुप्रतापपुर के नयापारा में स्व. टीकम चंद शर्मा की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी भगवती देवी शर्मा एवं परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया गया। कथा वाचक आचार्य हरीश





चतुर्वेदी निवासी साजा, छत्तीसगढ़ एवं उनकी मंडली द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन लगातार नौ दिवस तक किया गया। कथा में विशेष रूप से श्रीमदभागवत कथा के उपरान्त कथा स्थल से भानुप्रतापपुर के राम जानकी मंदिर तक भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, शोभायात्रा में विभिन्न स्थानों पर नगर वासियों ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अंतिम दिन गीता पाठ व तुलसी वर्षा के बाद हवन कर पूर्णाहुति की गई एवं श्री मदभागवत कथा के निमित्त भण्डारा कर प्रसाद वितरण किया गया।

# भूमिहीनों को मिलेगा भी पीएम आवास



**पखांजुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2023-24 विधानसभा चुनाव दौरान भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र के तहत प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने भूमिहीन को भी पीएम आवास देने का ऐलान किया गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल पखांजुर के अध्यक्ष शंकर सरकार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार घोषणा पत्र में किए गए वादें को पूरा करने में लगी है। यह भाजपा की सुशासन सरकार है। देश के पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम विष्णुदेव साय का जनता के विश्वास की सरकार है। इसी के तहत नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 के तहत वितरण योग्य संभावित पट्टो की जानकारी एकत्र करना प्रारंभ कर दिया गया है। सीएम के इस निर्णय से प्रदेश की जनता में खुशी है और सीएम के इस निर्णय का जनता आभार व्यक्त कर रही है।

## महिला दर्जी का प्रशिक्षण 35 महिलाओं को मिला

# तीन बीसी सखी सहित 31 को दिया गया कम्प्यूटराइज्ड एकाउटिंग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण




संस्थान गोविन्दपुर द्वारा नियद नेल्लानार योजना के अन्तर्गत 03 बीसी सखी सहित कुल 31 हितग्राहियों को 30 दिवसीय कम्प्युटराईज्ड एकाउटिंग आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बीसी सखी का कार्य व ग्राहक सेवा केन्द्र से संबंधित समस्त कार्य जैसे बेसिक जानकारी से लेकर एकाउंट संबंधी टेली, टीडीएस, जीएसटी, फोटोशॉप, आनलाईन पोर्टल एवं अन्य आवश्यक जानकारी दिया गया।

असेसमेंट टीम नेसर बैंगलौर एवं राज्य नियत्रंक आरसेटी रायपुर अरूण सोनी के मार्गदर्शन में ईडीपी असेसर आतुर सोनी एवं डोमेन असेसर जरीना बेगम एवं आशीष सोनी के सतत निगरानी में मूल्यांकन कार्य किया गया। संस्थान में दूसरा बैच में 35 हितग्राहियों को 30 दिवसीय महिला दर्जी का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सिलाई से संबंधित समस्त जानकारी, मांग के अनुसार आधुनिक डिजाईन के कपडे की सिलाई एवं पीकू फाल एवं अन्य जानकारी दिया गया। दोनो प्रशिक्षण 26 सितबंर से 25 अक्टूबर तक दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान 19 अक्टूबर को विधायक आशाराम नेताम द्वारा संचालित हो रहे दोनों बैच के प्रशिक्षणार्थीयों से मुलाकात किया गया व शासन के योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ लेने व अपने कैरियर में सफलता पाने के लिए मार्गदर्शन दिया और परिसर में एक पेड माँ के नाम पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ढाकेश्वर, विनय पाण्डे द्वारा सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा व्यापार में सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दिया। समापन कार्यक्रम में नितेश साहू, संजय कुमार महावीर, कमलेश कुमार सिन्हा, नागेन्द्र यादव एवं नागेश्वर पटेल उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक



4 रात व 5 दिन
Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411